Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com

सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शुक्रवार
सायं 7:12 बजे

सूर्योदय
उत्तराखण्ड में शनिवार
सुबह 5:12 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 19 अंक 1 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शुक्रवार, 12 जून 2026

वर्ल्डवाइड 350 करोड़ के करीब...पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### गुप्तेश्वर मंदिर के महंत का शव फंदे से लटका मिला, हुआ था विवाद

गरमपानी। भवाली-अल्मोड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग पर मनरसा के पास पास स्थित गुप्तेश्वर मंदिर के महंत कृष्णा गिरी (54) का शव शुक्रवार को संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे से लटका मिला। स्थानीय लोग शुक्रवार की सुबह जब मंदिर पहुंचे तो उन्होंने महंत का शव फंदे से लटका देखा तो खैरना पुलिस को सूचना दी। स्थानीय लोगों का कहना है कि बृहस्पतिवार को महंत ने कुछ लोगों को नदी में करंट लगाकर मछली मारने पर कड़ी फटकार लगाई थी। लोगों ने अंदेशा जताया है कि महंत की हत्या कर शव फंदे से लटका दिया होगा। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच की मांग की है। चौकी प्रभारी सतीश चंद्र उपाध्याय का कहना है कि पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरु कर दी है।

### कॉकरोच जनता पार्टी का लखनऊ में प्रदर्शन

नई दिल्ली। अभिजीत दीपके ने कहा कि हमने दिल्ली और पुणे में शांतिपूर्ण प्रदर्शन किए हैं, जिसमें हमने शिक्षा मंत्री के इस्तीफे की मांग रखी थी। लखनऊ के बाद अमृतसर और बेंगलुरु में प्रदर्शन करेंगे। वहीं, 20 जून को दिल्ली के जंतर-मंतर पर बड़ा प्रदर्शन होगा।

कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के संस्थापक अभिजीत दीपके ने शुक्रवार को लखनऊ में एक विरोध प्रदर्शन के दौरान परीक्षाओं में कथित अनियमितताओं को लेकर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग को जोर-शोर से उठाने की बात कही। युवा-आधारित आंदोलन का यह प्रदर्शन दिल्ली से शुरू हुए देशव्यापी आंदोलन का हिस्सा है, जो राज्य की राजधानी में इको गार्डन में आयोजित होने वाला है। हालांकि, यह अभी पुष्टि नहीं हुई है कि प्रदर्शन को पुलिस की अनुमति मिली है या नहीं। वहीं, गुरुवार देर रात लखनऊ एयरपोर्ट के बाहर मीडिया से बातचीत में अभिजीत दीपके ने कहा कि मैं प्रदर्शन के लिए आया हूं।

# ज्योलीकोट की दीपा साह बनीं अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा

## केवीके के प्रशिक्षण से आत्मनिर्भर बन रहीं महिलाएं, मशरूम उत्पादन से बढ़ा रही आय

नैनीताल
हमारे संवाददाता

कृषि विज्ञान केंद्र (केवीके) ज्योलीकोट से प्रशिक्षण प्राप्त कर क्षेत्र की महिलाएं स्वरोजगार की दिशा में कदम बढ़ा रही हैं। मशरूम उत्पादन के माध्यम से कई महिलाएं न केवल अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं बल्कि अन्य महिलाओं को भी आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित कर रही हैं।

ज्योलीकोट निवासी दीपा साह ने बताया कि उन्होंने कृषि विज्ञान केंद्र से मशरूम उत्पादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया था। प्रशिक्षण के दौरान उन्हें मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीकए बीज चयनए तापमान नियंत्रण और विपणन संबंधी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के बाद उन्होंने घर से ही मशरूम उत्पादन शुरू कियाए जिससे उन्हें नियमित आय प्राप्त होने लगी। दीपा साह ने बताया कि शुरुआत में उन्होंने सीमित स्तर पर उत्पादन किया लेकिन अब मांग बढ़ने के साथ उत्पादन भी बढ़ाया जा रहा है। वर्तमान में वह स्थानीय लोगों को ही मशरूम की बिक्री कर रही हैं। भविष्य ने पैदावार बढ़ाकर वह बाजारों में बिक्री करेंगी। जिससे अच्छा आर्थिक लाभ मिलेगा और परिवार की आय में भी बढ़ोतरी होगी।





उन्होंने कहा कि कृषि विज्ञान केंद्र द्वारा दिए गए प्रशिक्षण और तकनीकी मार्गदर्शन ने उन्हें आत्मनिर्भर बनने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उनका मानना है कि कम लागत और सीमित स्थान में मशरूम उत्पादन ग्रामीण महिलाओं के लिए रोजगार का बेहतर विकल्प बन सकता है।

अमेरिकी सैन्य कार्रवाई से ईरान में हुआ नेतृत्व परिवर्तन

# ट्रंप का ईरान को लेकर दावा नए नेता समझौते को तैयार

नई दिल्ली
एजेंसी

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया है कि हालिया सैन्य कार्रवाई के बाद ईरान के नेतृत्व में बड़ा बदलाव आया है। उन्होंने कहा कि नया नेतृत्व अमेरिका के साथ समझौते के लिए अधिक उत्सुक है और दोनों देश एक समझौते के बेहद करीब हैं।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने संकेत दिया है कि हालिया अमेरिकी सैन्य कार्रवाई ने ईरान के नेतृत्व ढांचे को पूरी तरह बदल दिया है। ट्रंप के अनुसार, तेहरान में अब नेताओं का एक नया समूह सामने आया है। यह नया समूह वॉशिंगटन के साथ बातचीत करने के लिए पहले के मुकाबले अधिक इच्छुक दिख रहा है। व्हाइट हाउस में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा कि सैन्य दबाव ने ईरान के भीतर की राजनीतिक स्थिति को बदल दिया है। इससे परमाणु कार्यक्रम पर एक बड़े समझौते की उम्मीद जगी है। ट्रंप ने इसे एक तरह का सत्ता परिवर्तन (रिजीम चेंज) बताया। उन्होंने कहा कि अब जो लोग सत्ता में हैं, वे उन लोगों से कहीं अधिक तर्कसंगत हैं जो अब वहां नहीं रहे। ट्रंप ने विश्वास जताया कि अमेरिका और ईरान एक औपचारिक समझौते के बहुत करीब हैं। यह समझौता ईरान को परमाणु हथियार बनाने से हमेशा के लिए रोक देगा। राष्ट्रपति के अनुसार, मौजूदा ईरानी नेतृत्व उन अधिकारियों से काफी अलग है जो पहले देश की नीतियां चलाते थे। ट्रंप ने कहा, हमने नेतृत्व की पहली और दूसरी टीम को बाहर कर दिया है। अब वहां एक अलग स्तर के लोग हैं। मुझे लगता है कि यह पहले से ज्यादा समझदार और तर्कसंगत स्तर है।



ट्रंप ने ईरान की वर्तमान स्थिति के लिए सैन्य अभियानों को जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा कि ईरान को बहुत नुकसान हुआ है और अब वे समझौते के लिए अमेरिका से भी ज्यादा उत्सुक हैं। उन्होंने ईरान की सैन्य ताकत की एक कमजोर तस्वीर पेश की। ट्रंप ने कहा कि ईरान की नौसेना, वायु सेना और एंटी-एयरक्राफ्ट प्रणाली सब खत्म हो चुकी है।

# मशहूर भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का निधन पीएम मोदी ने जताया शोक

नई दिल्ली
एजेंसी

मशहूर भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। राणा एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं और ओलंपिक में दो बार पदक जीत चुकीं स्टार निशानेबाज मनु भाकर के कोच रह चुके हैं। राणा को 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है।

मशहूर भारतीय निशानेबाजी कोच जसपाल राणा का शुक्रवार को निधन हो गया। राणा एशियाई खेलों के पूर्व स्वर्ण पदक विजेता हैं और ओलंपिक में दो बार पदक जीत चुकीं स्टार निशानेबाज मनु भाकर के कोच रह चुके हैं। राणा को 49 वर्ष की उम्र में निधन हो गया है। बताया जा रहा है कि जर्मनी से लौटने के बाद अचानक ही उनकी तबीयत बिगड़ गई थी और उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। उनका निधन हृदय की बीमारी के इलाज के दौरान हुआ है। राणा म्यूनिख में आईएसएसएफ विश्व कप के बाद जर्मनी से लौटे थे। वह फिलहाल भारतीय पिस्टल निशानेबाजों के हाई परफॉर्मेंस कोच के रूप में कार्य कर रहे थे। भारतीय टीम ने इस टूर्नामेंट में शानदार प्रदर्शन किया था और दो स्वर्ण तक इतने ही रजत पदक जीते थे।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जसपाला राणा के निधन पर गहरा शोक जताया। मोदी ने एक्स पर लिखा, जसपाल राणा जी के निधन से गहरा दुख हुआ है। उनका जाना भारतीय खेल जगत के लिए एक बहुत बड़ी क्षति है। उन्होंने निशानेबाजी में अपनी असाधारण उपलब्धियों से देश का मान बढ़ाया। एक मेंटर के तौर पर भी उनका योगदान बहुत अहम रहा। उन्होंने पूरी लगन से युवा खिलाड़ियों को तराशा और उनका मार्गदर्शन किया। बेहतरीन प्रदर्शन, अनुशासन और खेल जगत की सेवा के प्रति उनकी अटूट निष्ठा के कारण उन्हें बहुत सम्मान मिला। दुख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं उनके परिवार, दोस्तों और पूरे खेल जगत के साथ हैं। ओम शांति।

# रूसी तेल पर घेरने वालों को जयशंकर का जवाब, कहा-हमें खेल मत सिखाइए

नई दिल्ली
एजेंसी



विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने फिनलैंड में आयोजित कुल्तारांता वार्ता में रूस से तेल खरीदने को लेकर पश्चिमी देशों की आलोचना का कड़ा जवाब दिया है।

कार्यक्रम के दौरान उन्होंने साफ कहा कि भारत अपनी ऊर्जा सुरक्षा और राष्ट्रीय हितों को ध्यान में रखकर फैसले लेता है। जयशंकर ने यह भी संकेत दिया कि रूस-यूक्रेन युद्ध के दौरान यूरोप और अमेरिका की नीतियों में कई विरोधाभास रहे हैं, इसलिए भारत को नैतिकता का पाठ पढ़ाने की कोशिश उचित नहीं है। उनके बयान को भारत की स्वतंत्र विदेश नीति और ऊर्जा रणनीति के मजबूत बचाव के रूप में देखा जा रहा है। फिनलैंड में उभरती शक्तियां और नई भू-राजनीतिक प्रतिस्पर्धा विषय पर चर्चा के दौरान एक पत्रकार ने भारत पर रूस के प्रति नरम रुख अपनाने और रूस से तेल खरीदने का आरोप लगाया। इसके जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत ने हमेशा लागत और उपलब्धता के आधार पर तेल खरीदा है।

उन्होंने बताया कि उस समय यूरोपीय देश मध्य-पूर्व से बड़ी मात्रा में तेल खरीद रहे थे, जो भारत का पारंपरिक आपूर्तिकर्ता रहा है। ऐसे में बाजार की परिस्थितियों ने भारत को रूस से तेल खरीदने की दिशा में आगे बढ़ाया।

# मौसम: सात जिलों में आज भी बारिश-तूफान का पूर्वानुमान

देहरादून
हमारे संवाददाता

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में आज शुक्रवार को भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश, ओलावृष्टि के अलावा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

उत्तराखंड के पर्वतीय जिलों के कुछ हिस्सों में आज शुक्रवार को भी मौसम बदला रहेगा। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से जारी पूर्वानुमान के अनुसार, देहरादून समेत टिहरी, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिले के कुछ हिस्सों में तेज बारिश, ओलावृष्टि के अलावा 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तूफान चलने का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। पहाड़ों की रानी मसूरी में बृहस्पतिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली। शहर में हुई बारिश के बाद तापमान में गिरावट दर्ज की गई। बारिश के चलते वातावरण में ठंडक लौटी जिससे मौसम सुहावना हो गया। अचानक शुरू हुई बारिश से माल रोड और अन्य पर्यटन स्थलों पर घूम रहे पर्यटकों को कुछ देर के लिए परेशानी का सामना करना पड़ा। बारिश से बचने के लिए कई पर्यटक आसपास की दुकानों, होटलों और शेडों की ओर भागते नजर आए।



### हल्द्वानी में देर रात झमाझम बारिश

हल्द्वानी। बीते दिनों चटक धूप और गर्म हवाओं के चलते दिन के साथ-साथ रात के तापमान में भी बढ़ोतरी हो रही थी, जिससे लोगों की परेशानी दोगुना हो गई थी लेकिन बृहस्पतिवार शाम अचानक मौसम ने करवट ली और बादलों की आवाजाही के बीच आधी रात को हल्द्वानी में झमाझम बारिश शुरू हो गई।

# नैनीताल में अब पर्यटन सीजन पहुंचा पूरे चरम पर



**घटना**
- पर्यटन स्थल रहे गुलजार, होटल व गैस्ट हाउस पैक
- सुबह के समय हुई बारिश से जनजीवन रहा प्रभावित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल में बीरवार को भी सैलानियों का उमड़ना जारी रहा। नगर के अधिकांश होटलों के कमरे फुल रहे तो पर्यटन स्थल गुलजार रहे। सुबह हुई बारिश से कुछ समय पर्यटन प्रभावित रहा।

नगर का ग्रीष्मकालीन सीजन ने परवान चढ़ना पर है। दिल्ली एनसीआर, उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश से सैलानी पहुंच रहे हैं तो इस वर्ष बड़ी संखया में गुजराती सैलानी रोजाना नगर सैर पर पहुंच रहे हैं जिस कारण नगर में सैलानियों की भीड़ बढ़ गई है। आज डेढ़ हजार से अधिक पर्यटक वाहनों ने नगर में प्रवेश किया। स्नो व्यू, हिमालय दर्शन, वॉटरफ लि, केव गार्डन तथा चिड़ियाघर समेत अन्य पर्यटन स्थलों में सैलानियों की भीड़ रही। मालरोड भी पूरी तरह पर्यटकों से भरी रही।

दूसरी ओर जीवनदायिनी नौका विहार करने वालों का पूरे दिन तांता लगा रहा। वाहनों की बड़ी संख्या में पहुंचने से नगर का यातायात चरमराया रहा। नगर की विभिन्न मार्गों में जाम लगने का सिलसिला जारी रहा। सुबह के समय बारिश होने से कुछ समय को पर्यटन गतिविधियां ठप रही। वर्षा रुकने के बाद मौसम सामान्य हो गया। जीआईसी मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार अधिकतम तापमान 25 व न्यूनतम 16 डिग्री सेल्सियस रहा। बारिश 16 मिमी हुई। आद्रता अधिकतम 86 व न्यूनतम 60 प्रतिशत रही।

## कैंची धाम मेला में सुरक्षा के अभूतपूर्व इंतजाम

नैनीताल । प्रसिद्ध कैंची धाम स्थापना दिवस एवं बाबा नीब करौरी महाराज जन्मोत्सव मेले को सुरक्षित और व्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा तैयारियां पूरी कर ली हैं। मेले के दौरान श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिले के पुलिस कप्तान डॉ मंजूनाथ टीसी के अनुसार मेले में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एसएसबी, पीएसी, एसडीआरएफ तथा फ ायर सर्विस, बम निरोधक दस्ता (बीडीएस) तथा आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की तैनाती की जाएगी। इसके अलावा पुलिस मुखयालय से अतिरिक्त पुलिस बल भी मुहैया कराया गया है।मेले के दौरान करीब 1500 से अधिक पुलिस अधिकारी और कर्मचारी विभिन्न ड्यूटी प्वाइंट्स पर तैनात रहेंगे।



## विस चुनाव की तैयारियों में प्राथकिमता से भाग लें कार्यकर्ता

नैनीताल

हमारे संवाददाता

भाजपा जिला कार्यकारिणी सदस्य डॉ. भुवन चंद्र आर्य ने बीरवार को पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ नैनीताल विधान सभा के कोटाबाग विकास खंड के ग्राम सौड,वासी हुग्गूखान तथा सिंगडी में भ्रमण किया।

इस दौरान उन्होंने विधान सभा चुनाव के मद्देनजर पार्टी की गतिविधियों की जानकारी ली। उन्होंने सभी पार्टी कार्यकर्ताओं का आह्वान किया कि वह पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की ओर से सौंपे जा रहे सभी कार्यक्रमों में प्राथकिमता से भाग लें। इस दौरान डा.आर्य ने डबल इंजन सरकार की विकास योजनाओं के बारे में लोगों को जानकारी दी तथा योजनाओं की प्रगति के बारे में जाना। इस दौरान धन सिंह बिष्ट बूथ अध्यक्ष सौंड, गणेश सिंह पूर्व बूथ अध्यक्ष, नीरज बिष्ट महामंत्री युवा मोर्चा, हरीश शाही,दयाल आर्य, तारी देवी, अनूप राम, कैलाश चंद, नरेंद्र, देव सिंह रजवार, प्रेम बिष्ट, शांति देवी, नंद किशोर एवं अन्य ग्रामवासी मौजूद रहे।

## स्वरोजगार को बढ़ावा देने को बयूटी पार्लर प्रशिक्षण शुरु

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनी महिला एवं बाल विकास समिति सूखाताल द्वारा उत्तराखंड बहुउद्देशीय वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से जीविका अवसर प्रोत्साहन योजना के तह बयूटी पार्लर प्रशिक्षण संचालित किया जा रहा है।

बता दें प्रशिक्षण में 18 से 35 आयु की युवतियों व महिलाओं को थ्रेडिंग, मसाज, मैनिकयोर, पैडिकयोर तथा फेसियल आदि की जानकारी दी जा रही है जिससे महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर स्व रोजगार कर आत्मनिर्भर बन सकें। संस्थाध्यक्ष शैलजा सकसेना ने बताया कि वर्तमान समय में बयूटी पार्लर का बहुत अधिक चलन है इसमें स्वरोजगार की बहुत अधिक संभावनाये हैं, प्रशिक्षण प्राप्त कर महिलायें स्वरोजगार अपनाने का प्रयास करेंगी, प्रशिक्षण अप्रैल माह में प्रारंभ किया गया था जो 4 माह तक संचालित किया जायेगा,इसमें नीलम, आशा, पूजा, नेहा, पिंकी, रेणुका, अनीशा, साक्षी, रागिनी, हर्षिता आदि भाग ले रहे हैं। प्रशिक्षण मीनाक्षी बिष्ट द्वारा दिया जा रहा है।



## NEWS / फटाफट

### हाईकोर्ट ने दिए 17 जून तक प्रगति रिपोर्ट पेश करने के निर्देश

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने दूनघाटी को 1989 में ईको सेंसटिव जोन घोषित करने के साथ साथ उसका मास्टर प्लान के मुताबिक विकास कार्य नहीं करने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए वरिष्ठ न्यायधीश न्यायमूर्ती मनोज कुमार तिवारी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की खंडपीठ ने राज्य सरकार से पूछा है कि देहरादून के लिए मास्टर प्लान बनाने और पर्यटन विकास योजना में अभी तक कया प्रगति हुई है उसकी प्रगति की रिपोर्ट से कोर्ट को 17 जून तक अवगत कराएं। मामले की अगली सुनवाई 17 जून की तिथि नियत की है।

### कैदियों की रिहाई का मामला, सुनवाई अब 15 जून को

नैनीताल । उत्तराखण्ड उच्च न्यायालय ने प्रदेश की जेलों में आजीवन सजा काट चुके कैदियों को सर्वोच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी रिहा नहीं करने के मामले में स्वतः संज्ञान लिए जाने वाली जनहित याचिका सहित कई कैदियों की याचिकाओं पर एक साथ सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायाधीश रविन्द्र मैठाणी और न्यायमूर्ति सिदार्थ साह की खण्डपीठ ने अगली सुनवाई हेतु सोमवार 15 जून की तिथि नियत की है। कोर्ट ने याचिकाकर्ताओं से कहा है कि राज्य सरकार ने जो शपथपत्र आज कोर्ट में पेश किया है उसका अवलोकन करें और कोर्ट को अवगत कराएं।

### नैनीताल में बारिश से जनजीवन प्रभावित

नैनीताल । सरोवर नगरी नैनीताल में बीरवार को मौसम ने एक बार फि र करवट ली। बता दें बीते रोज हुई बारिश के बाद बीरवार की सुबह से ही आसमान में घने बादल छाए रहे जिसके बाद शहर और आसपास के क्षेत्रों में मूसलाधार बारिश का दौर शुरू हो गया जिससे तापमान में गिरावट दर्ज की गई। दूसरी ओर मौसम विभाग ने आगामी घंटों में भी बारिश की संभावना जताई है।बारिश के बीच नैनीताल पहुंचे पर्यटकों ने ठंडे मौसम और प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लिया। नैनीझील के आसपास बादलों और धुंध का मनमोहक नजारा देखने को मिला। बारिश से गर्मी से राहत मिली।

### एसआईआर अभियान के तहत गणना फॉर्म वितरण व फीडिंग के कार्य में लाएं तेजी:डीएम



नैनीताल । डीएम ललित मोहन रयाल ने जिले में एसआईआर अभियान के तहत गणना फॉर्म वितरण और फ ीडिंग के कार्य में और अधिक तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार जनपद में कुल 765135 निर्वाचक हैं इसके सापेक्ष वर्तमान तक जिले में 262552 गणना फ ार्म का वितरण किया गया है जो 34.31 प्रतिशत है।जिलाधिकारी व जिला निर्वाचन अधिकारी ललित मोहन रयाल ने एसआईआर की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों के साथ ही सभी उपजिलाधिकारियों/निर्वाचक रजिस्ट्री आपका किताब से करण अधिकारियों को उक्त कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए।उन्होंने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में बीएलओ से घर-घर जाकर फ ॉर्म वितरण और संकलन का कार्य युद्धस्तर पर कराने के साथ ही लक्ष्य की पूर्ति तय समय सीमा के भीतर शत प्रतिशत गणना प्रपत्र भरवाने और डेटाबेस को अद्यतन करने के सख्त निर्देश दिये हैं। उन्होंने मतदाताओं से भी आग्रह किया गया है कि वे बीएलओ को अपना सही विवरण प्रदान करें ताकि मतदाता सूची त्रुटिहीन बन सके।

### बाघ के नजदीक गई जिप्सी...पर्यटक सहमे, वीडियो वायरल



रामनगर। फाटो जोन में सफारी के दौरान एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में जिप्सी चालक बाघ के काफी नजदीक जिप्सी को ले गया। इसके चलते पर्यटकों में भी डर का माहौल रहा। साथ ही बाघ भी चौंकता हुआ दिखाई दे रहा है। तराई पश्चिमी वन प्रभाग के फाटो जोन में सफारी के दौरान एक वीडियो वायरल हुआ है। वीडियो में जिप्सी चालक बाघ के काफी नजदीक जिप्सी को ले गया। इसके चलते पर्यटकों में भी डर का माहौल रहा। साथ ही बाघ भी चौंकता हुआ दिखाई दे रहा है। गनीमत रही कि बाघ ने पर्यटकों पर हमला नहीं किया। वहीं वीडियो वायरल होने के बाद डीएफओ ने जिप्सी और जिप्सी चालक दोनों को बैन कर दिया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादक:
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

## हाईकोर्ट ने दिए सरकार व याचिकाकर्ता को जवाब पेश करने के निर्देश

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट में अंडर पास बनाये जाने को लेकर दायर जनहित याचिका पर सुनवाई हुई।

मामले की सुनवाई के बाद मुखय न्यायधीश मनोज कुमार गुप्ता और न्यायमूर्ति सुभाष उपाध्याय की खंडपीठ ने रेलवे के द्वारा पेश किए गए शपथ पत्र पर याचिकाकर्ता से दो सप्ताह में अपना जवाब पेश करने को कहा, साथ में राज्य सरकार से भी जवाब पेश करने को कहा है। कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई दो सप्ताह बाद की तिथि नियत की है। मामले के अनुसार हल्द्वानी के ग्राम हाथी खाल गौजाजाली निवासी पूर्व ग्राम प्रधान सुरेश चन्द्र जोशी ने जनहित याचिका दायर कर कहा है कि ग्राम गौजाजाली दक्षिण एवं हथिखाल ग्राम सभा के निवासी फलाईओवर का निर्माण होने और रेलवे क्रॉसिंग लिंक मार्ग बंद हो जाने से प्रतिदिन कई कठिनाइयों का सामना कर रहे हैं, इस संबंध में ग्रामीणों द्वारा रेलवे के सक्षम अधिकारियों व जिला प्रशासन को समय समय पर प्रार्थना पत्र के माध्यम से अवगत करा दिया गया था इस बारे में अनुरोध किया गया है कि रेलवे क्रॉसिंग से बरेली रोड पर जाने हेतु पूर्व की भांति आने जाने की व्यवस्था बहाल कि जाय ताकि ग्रामीण किसान अपने खेतों की सिंचाई हेतु पानी की व्यवस्था पूर्व की भांति कर सकें एवं स्कूली बच्चे व बीमार व्यक्ति तथा बाजार आने जाने वाले स्थानीय निवासी की आवागमन में सुगमता रह सके ग्रामीणों की शिकायत है कि रेलवे क्रॉसिंग पर बरेली रोड लिंक रास्ता बंद हो जाने से खेतों के लिए किसानों को पानी लाने में एवं ग्रामीणों को आवागमन में भी लंबी दूरी तय करनी पड़ रही है, याचिका में कहा गया है कि रेलवे द्वारा 11 दिसंबर 2023 को अंडर पास बनाने की कार्यवाही प्रारंभ करने हेतु टेंडर भी स्वीकृत कर लिए थे उसके बावजूद भी आज तक मामले में कोई कार्यवाही नहीं हुयी है।

## हाईकोर्ट ने तीन अपीलार्थियों की सजा को किया निलंबित

नैनीताल । उत्तराखंड ने रुद्रपुर की अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा वर्ष 2018 के एक बहुचर्चित हत्या और फ ायरिंग मामले में दोषी ठहराए गए तीन अपीलार्थियों की सजा को निलंबित करते हुए उन्हें जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया है।

न्यायमूर्ति रवींद्र मैठानी और न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की पीठ ने आपराधिक अपील सुनवाई करते हुए अपीलार्थी अंग्रेज सिंह उर्फ रिंकू/ सुखदेव सिंह उर्फ सुखा और गुरचरण सिंह उर्फ बंटी की जमानत याचिकाओं को मंजूर कर लिया, निचली अदालत ने इन्हें आईपीसी की धारा 302/307 व120 बी और आमर्स एकट के तहत दोषी पाते हुए उम्रकैद व अन्य सजाएं सुनाई थीं। यह मामला 3 मई 2018 की का है जब किच्छा बाईपास पर हरपाल कक्कड़ के कार्यालय के बाहर खड़े समीर/ खालिद और शकील पर दो मोटर साइकिलों पर सवार नकाबपोश हमलावरों और उनके 4-5 अज्ञात साथियों ने अंधाधुंध फ ायरिंग कर दी थी। इ

## असंतुलित होकर खाई में गिरा अधेड़, सिर में गंभीर चोट,किया रेफर

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के तल्लीताल क्षेत्र की ठंडी सड़क में बीरवार की शाम एक अधेड़ व्यक्ति असंतुलित होकर खाई में जा गिरा। घटना के बाद मौके पर पहुंचे पुलिस, एसडीआरएफ और दमकल विभाग के जवानों ने संयुक्त रेस्कयू अभियान चलाकर घायल को बाहर निकाला और उपचार के लिए बीडी पांडे जिला अस्पताल पहुंचाया। चिकित्सकों ने सिर पर गंभीर चोट होने के कारण प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया।

जानकारी के मुताबिक बीरवार की शाम ठंडी सड़क क्षेत्र में लोगों की आवाजाही के दौरान डीएसएबी परिसर स्थित गर्ल्स हॉस्टल के रास्ते से गुजर रहा एक व्यक्ति अचानक संतुलन खो बैठा और खाई में जा गिरा। गिरने के बाद वह बेसुध हो गया। घटना देख आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही तल्लीताल कोतवाली पुलिस समेत एसडीआरएफ और दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची। दुर्गम क्षेत्र होने के बावजूद राहत एवं बचाव दल ने त्वरित कार्रवाई करते हुए घायल को खाई से बाहर निकाला। इसके बाद 108 एंबुलेंस की मदद से उसे बीडी पांडे जिला चिकित्सालय पहुंचाया गया।अस्पताल में पूछताछ के दौरान घायल की पहचान खुर्पाताल निवासी राजेंद्र सिंह (43) के रूप में हुई। बताया गया कि वह मूल रूप से नेपाल का रहने वाला है और वर्तमान में खुर्पाताल क्षेत्र में रह रहा था। बीडी पांडे अस्पताल के चिकित्सक डॉ. साहिल कुमार ने बताया कि घायल के सिर पर गंभीर चोट आई है। उसकी स्थिति को देखते हुए प्राथमिक उपचार देने के बाद परिजनों और परिचितों को सूचना देकर उसे बेहतर उपचार के लिए हायर सेंटर रेफर किया गया है।

# अभिमत

## तकनीक के फायदे

*कुछ दशक पूर्व तकनीकी शिक्षा के लिए युवाओं में उत्साह था। तकनीकी संस्थानों की संख्या कम थी। बहुत से युवा प्रवेश से वंचित रह जाते थे। अब तकनीकी संस्थानों में छात्रों की संख्या कम है। कुमाऊं मंडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में प्रवेश को प्रोत्साहन के लिए प्रचार करके आईटीआई से प्रशिक्षित होने के फायदे बताये जायेंगे। सवाल यह है कि आखिर यह नौबत क्यों आई? इसका सीधा सा जवाब है कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने का प्रयास नहीं किया गया।*

शिक्षित व्यक्ति के पास विद्या के रूप में ऐसा धन होता है, जिसे कोई चुरा नहीं सकता। शिक्षित व्यक्ति द्वारा ज्ञान को बांटने से विद्या कम नहीं होती, बल्कि अदृश्य रूप से बढ़ती है। विज्ञान व तकनीक के विकास ने हर क्षेत्र में बदलाव किया है। कुछ दशक पूर्व तकनीकी शिक्षा के लिए युवाओं में उत्साह था। तकनीकी संस्थानों की संख्या कम थी। बहुत से युवा प्रवेश से वंचित रह जाते थे। अब तकनीकी संस्थानों में छात्रों की संख्या कम है। कुमाऊं मंडल के औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (आईटीआई) में प्रवेश को प्रोत्साहन के लिए प्रचार करके आईटीआई से प्रशिक्षित होने के फायदे बताये जायेंगे। सवाल यह है कि आखिर यह नौबत क्यों आई? इसका सीधा सा जवाब है कि प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार देने का प्रयास नहीं किया गया। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने के बाद आईटीआई, इंजीनियरिंग कालेज, मैनेजमेंट कालेज, डीम्ड यूनिवर्सिटी की संख्या तेजी से बढ़ी। तकनीकी संस्थानों में प्रशिक्षण की पर्याप्त सुविधा नहीं होने पर किताबी ज्ञान देकर मोटी फीस वसूली गई। कुमाऊं के सबसे बड़े महानगर के आईटीआई में तराई के कई कस्बों के आईटीआई के छात्रों को प्रशिक्षण की औपचारिकता निभाई गई। राजनीतिक फायदे के लिए जगह-जगह आईटीआई खोलने की घोषणा की गई, परन्तु वह फाइल तक सीमित रही। जमीनी स्तर पर संस्थान नहीं था। घोषित संस्थानों के नाम पर छात्रों का प्रवेश किया गया। पुराने संस्थान में अस्थाई तौर पर छात्रों को प्रशिक्षण की औपचारिकता निभाई गई। वर्षों बाद संस्थान अस्तित्व में आये। अर्द्ध प्रशिक्षित युवाओं को रोजगार नहीं मिला। प्लेसमेंट का संकट आईटीआई के साथ इंजीनियरिंग कालेजों के सामने भी है। इंजीनियरिंग कालेजों में जेईई प्रतियोगी परीक्षा उत्तीर्ण नहीं करने वालों को भी प्रवेश मिल रहा है। अनेक संस्थानों में राजनीति से जुड़े माननीयों ने निवेश किया है। मानक पूरे नहीं करने पर भी मान्यता मिल जाती है। प्रचार के दौरान बताये जा रहे आईटीआई प्रशिक्षण के फायदे जरूर सही हैं। उद्योगों के साथ प्रशिक्षण के दौरान मानदेय दिया जायेगा। अप्रेंटिसशिप के तहत स्टाइपेंड मिलेगा। सेना की अग्निवीर भर्ती में अतिरिक्त अंक मिलेंगे। आईटीआई प्रशिक्षित को पॉलीटेक्निक और इंजीनियरिंग कालेज में प्रवेश पर प्राथमिकता मिलेगी। प्रचार के माध्यम से एक महत्वपूर्ण लाभ बताया जाना चाहिए कि आईटीआई प्रशिक्षित स्वरोजगार कर सकता है। नौकरी के लिए भागदौड़ करने से कोई फायदा नहीं होगा। स्वरोजगार आत्मनिर्भरता का सबसे बड़ा माध्यम है।

# एम्स निर्माण से किच्छा का होगा विकासः शुक्ला

## किच्छा विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास नई ऊंचाइयों को छू रहा है



**किच्छा**

हमारे संवाददाता

ग्राम सभा शिमला पिस्तौर में भाजपा युवा मोर्चा किच्छा ग्रामीण मंडल की नवनियुक्त कार्यकारिणी का स्वागत समारोह कार्यक्रम आयोजित किया किया गया। उसमें मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे पूर्व विधायक राजेश शुक्ला का नवनियुक्त मंडल महामंत्री गौरव अरोड़ा एवं अंकित तिवारी के नेतृत्व में युवाओं ने माल्यार्पण कर भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर पूर्व विधायक शुक्ला ने कहा कि किच्छा विधानसभा क्षेत्र निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है और आगामी वर्षों में एम्स निर्माण का कार्य पूर्ण होने के बाद किच्छा को प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे देश में एक नई पहचान मिलेगी। उन्होंने कहा कि एम्स जैसे महत्वपूर्ण संस्थान के स्थापित होने से क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा, रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे तथा व्यापारिक एवं सामाजिक गतिविधियों को भी नई गति मिलेगी। कहा कि किच्छा के विकास की मजबूत नींव पूर्व में उनके कार्यकाल के दौरान रखी गई थी। कहा कि वर्तमान में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार बिना किसी भेदभाव के विकास कार्यों को गति दे रही है। किच्छा विधानसभा क्षेत्र में भी सड़क, स्वास्थ्य, शिक्षा, पेयजल एवं अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं पर तेजी से कार्य किया जा रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री धामी की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार जनभावनाओं के अनुरूप कार्य कर रही है तथा अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुंचाने के लिए प्रतिबद्ध है।मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी ने कहा कि जन जन के नेता पूर्व विधायक शुक्ला के द्वारा किच्छा में अंतर्राज्यीय बस अड्डे का निर्माण कराया गया। आदर्श महाविद्यालय की स्थापना कर उच्च शिक्षा के नए अवसर उपलब्ध कराए गए, विद्युत वितरण खंड का पृथक कार्यालय स्थापित कराया गया तथा मुंशी मजिस्ट्रेट कोर्ट की स्थापना कर क्षेत्रवासियों को न्यायिक सुविधाएं स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई गईं। इसके अतिरिक्त सड़क, शिक्षा, स्वास्थ्य, सिंचाई एवं आधारभूत संरचनाओं से जुड़े अनेक विकास कार्यों के परिणामस्वरूप आज किच्छा विकास के क्षेत्र में निरंतर आगे बढ़ रहा है।

पूर्व विधायक ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की रीति-नीति और सेवा भाव के साथ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ पात्र लोगों तक पहुंचाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाए।मंडल अध्यक्ष मयंक तिवारी के साथ पूर्व विधायक ने युवा मोर्चा के नवनियुक्त मंडल अध्यक्ष जसनीत कक्कड़, महामंत्री गौरव अरोड़ा, अंकित तिवारी, उपाध्यक्ष कमल बैरागी, उमेश सिंह कार्की, राहुल अनेजा, मंत्री रवि भूषण सिंह, संजीव पाल, अनुज राय, कोषाध्यक्ष नवनीत सिंह समेत समस्त पदाधिकारी का माल्यार्पण कर स्वागत किया। कार्यक्रम में पूर्व ग्राम प्रधान यामीन अंसारी, मनोज यादव, इफ्तिखार मियां, मंगत चुग, विक्की जल्होत्रा, नरेंद्र ठुकराल, ग्रामीण मंडल महामंत्री जितेंद्र गौतम, विजेंद्र यादव, राणा राघवेंद्र प्रताप शाही, धर्मेंद्र तिवारी, परशुराम राजभर, रजनीश राजभर, ज्ञान गिरी, मनजीत, सोनू गौतम, चरणजीत सिंह, गुरदेव, राजनाथ, शिवनाथ, गणेश, लालाराम, प्रमोद कुमार आदि मौजूद रहे।

## स्नातक स्तरीय परीक्षा को लेकर प्रशासन सतर्क

**अल्मोड़ा।** उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की स्नातक स्तरीय प्रतियोगी परीक्षा के निष्पक्ष संचालन को लेकर प्रशासन सतर्क हो गया है। जिलाधिकारी अंशुल सिंह ने नवीन कलक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में परीक्षा से जुड़ी व्यवस्थाओं की समीक्षा करते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को समय पर तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, विद्युत आपूर्ति और पेयजल जैसी सुविधाएं सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया। डीएम ने सेक्टर और जोनल मजिस्ट्रेटों को परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का पूर्व सत्यापन करने को कहा। सीसीटीवी कैमरों और जैमर की कार्यशीलता जांचने के निर्देश दिए, ताकि परीक्षा की गोपनीयता बनी रहे।

# भाजपा नेता के घर हथियारबंद बदमाशों का तांडव, मुकदमा दर्ज

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

बीते रोज की देर रात्रि आदर्श कॉलोनी चौकी में उस वक्त हंगामा खड़ा हो गया। जब कई गाड़ियों पर सवार हथियारबंद बदमाशों ने भाजपा नेता के घर धावा बोल तांडव मचाया। भीड़भाड़ एकत्रित होता देखा और पुलिस के पहुंचने की भनक लगते ही थार सवार एक युवक लोडेड पिस्टल फेंककर फरार हो गया। पुलिस ने लोडेड पिस्टल को कब्जे में ली और तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। आदर्श कॉलोनी वार्ड-30 वैष्णो देवी मंदिर के समीप भाजपा नेता सतनाम सिंह परिवार के साथ रहते हैं। एक माह पहले जवान बेटे की मृत्यु से परिवार उभरा भी नहीं था कि घर के सामने एसी पार्ट्स की दुकान चलाने वाला युवक बुधवार की रात करीब साढे आठ बजे अपने भाई के साथ आता है। भाजपा नेता के बेटे तरूण देव का किसी बात को लेकर विवाद हो जाता है। मामूली कहासुनी के बाद स्थानीय लोगों ने मामला रफा दफा कर देते है,लेकिन थोडी देर बाद ही आरोपी रमन ठक्कर फोन कर अपने साथियों को बुला लेता है। कुछ ही देर बाद थार सहित कई गाड़ियों में हथियारबंद बदमाश आते है और भाजपा नेता के घर के सामने आकर ललकारना शुरु कर देते है। इसी बीच भाजपा नेता का बेटा बाहर आता है और एक युवक पिस्टल निकाल लेता है। उक्त लोगों के इरादों को देखते हुए भाजपा नेता व स्थानीय लोगों ने आदर्श कॉलोनी चौकी प्रभारी प्रदीप पंत को फोन पर घटना की जानकारी दी। पुलिस का सायरन हथियारबंद बदमाशों ने सुना तो बदमाश तितर-बितर होने लगे। पुलिस को जानकारी मिली कि खड़ी गाड़ियों में हथियार है तो पुलिस कर्मी गाड़ियों की तलाशी लेने लगे। तभी थार सवार एक युवक दरवाजा खोलकर भागता है और भागते-भागते अपनी लोडेड पिस्टल सड़क किनारे फेंककर फरार हो जाता है। बाद में रम्पुरा चौकी प्रभारी पंकज कुमार,बाजार चौकी प्रभारी प्रदीप कोहली भी भारी पुलिस फोर्स के साथ इलाके की घेराबंदी कर देते है और सड़क किनारे पड़ी एक ऑटोमेटिक मैगजीन लोडेड पिस्टल को कब्जे में लेते है। एसएसआई अनिल जोशी ने बताया कि पुलिस ने तहरीर के आधार पर रमन ठक्कर,रवि ठकर,दीपक कुमार,सोनू भुल्लर सहित कई युवकों के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर जांच शुरू कर दी है।

# फिल्मी दुनिया

## वर्ल्डवाइड 350 करोड़ के करीब पहुंची पेद्दी, जवानी तो...



*बॉक्स ऑफिस पर इन दिनों साउथ की फिल्म पेद्दी छाई हुई है। यह भारत के साथ दुनियाभर में अच्छी कमाई कर रही है। बॉलीवुड फिल्म है जवानी तो इश्क होना है% ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। अब भी यह फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। बॉलीवुड की दूसरी फिल्म बंदर की बात करें तो यह फिल्म बॉक्स ऑफिस की दौड़ से लगभग बाहर हो चुकी है। वरुण धवन, मृणाल ठाकुर और पूजा हेगड़े की अदाकारी वाली फिल्म है जवानी तो इश्क होना है ने बॉक्स ऑफिस पर एक हफ्ता पूरा कर लिया है। यह फिल्म अब भी बॉक्स ऑफिस पर बनी हुई है। इसने सातवें दिन 2.60 करोड़ रुपये कमाए हैं। छठे दिन इसने 2.90 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। फिल्म का कुल कलेक्शन 36.85 करोड़ रुपये हो चुका है। 'है जवानी तो इश्क होना है' का निर्देशन डेविड धवन ने किया है। इसमें मनीष पॉल, मौनी रॉय, जॉनी लीवर, राजपाल यादव जैसे कलाकार भी हैं। साउथ की बेहतरीन फिल्म'पेद्दी' बॉक्स ऑफिस पर अच्छा कलेक्शन कर रही है। इसने आठवें दिन बॉक्स ऑफिस पर 6.30 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। सातवें दिन इस फिल्म ने 7.55 करोड़ रुपये कमाए थे। फिल्म का कुल कलेक्शन 193.55 करोड़ रुपए तक पहुंच चुका है। इसमें राम चरण के साथ जान्हवी कपूर हैं।*

### वर्ल्डवाइड कलेक्शन

*बुची बाबू सना के निर्देशन में बनी फिल्म पेद्दी जहां भारत में अच्छा प्रदर्शन कर रही है, वहीं यह दुनियाभर में अच्छी कमाई कर रही है। वर्ल्डवाइड इसने 345 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक पेद्दी का बजट 350 करोड़ रुपये है। इस हिसाब से फिल्म अच्छी कमाई कर रही है।*

# बाल श्रम के खिलाफ छापेमारी बच्चा ऑटोमोबाइल वर्कशॉप से रेस्क्यू

**रुद्रपुर**

हमारे संवाददाता

गुरुवार को श्रम प्रवर्तन अधिकारी, रुद्रपुर के नेतृत्व में बाल श्रम उन्मूलन के लिए विशेष अभियान चलाया गया। इस अभियान में सीडब्ल्यूसी की टीम और जिला टास्क फोर्स के साथ रुद्रपुर बाजार क्षेत्र का सघन निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान एक ऑटोमोबाइल वर्कशॉप में एक बाल श्रमिक कार्यरत पाया गया। जांच में बच्चे की उम्र 14 वर्ष से कम पाई गई। बाल श्रम (प्रतिषेध एवं विनियमन) संशोधन अधिनियम, 2016 के प्रावधानों के तहत बच्चे को तत्काल कार्य से हटाकर रेस्क्यू किया गया। नियोजक के विरुद्ध नियमानुसार प्राथमिकी दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।श्रम विभाग द्वारा सभी नियोजकों से अपील की कि 14 वर्ष से कम आयु के बच्चों को किसी भी कार्य में न लगाएं और 14-18 वर्ष के किशोरों को खतरनाक प्रक्रियाओं में नियोजित न करें। उल्लंघन पाए जाने पर कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी।



News कॉर्नर

## किन्नरों की सुरक्षा का मामला सुनवाई 27 जुलाई को

नैनीताल । उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार के भगवानपुर में किन्नरों के दो पक्षों के बीच कार्य क्षेत्र में कार्य करने के लिए हुए विवाद पर सुरक्षा दिलाए जाने के मामले में दायर याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई के बाद न्यायमूर्ति आलोक महरा की एकलपीठ ने एसएचओ भगवानपुर जिला हरिद्वार को निर्देश दिए हैं कि याचिकाकर्ताओं को पर्याप्त सुरक्षा प्रदान करें साथ में यह भी सुनिश्चित करें कि विपक्षी उन्हें किसी तरह का नुकसान न पहुंचाए। इस पर विपक्षीगणों को कोई आपत्ति है तो उसे भी दर्ज करें। मामले की अगली सुनवाई हेतु कोर्ट ने 27 जुलाई की तिथि नियत की है।

## हत्या के मामले में दोषी शमशेर की जमानत याचिका खारिज

नैनीताल ।उत्तराखंड हाईकोर्ट ने हरिद्वार जिले के लकसर की अतिरिक्त सत्र अदालत द्वारा वर्ष 2018 के एक हत्या के मामले में दोषी ठहराये हुए शमशेर अली की जमानत याचिका को खारिज कर दिया। हालांकि इसी मामले में 5 सह आरोपियों की अपीलों को स्वीकार करते हुए अदालत ने उनकी सजा को निलंबित कर दिया है । मामले की सुनवाई न्यायमूर्ति रविन्द्र मैठाणी व न्यायमूर्ति सिद्धार्थ साह की खंडपीठ में हुई । यह मामला 29 मई 2018 का है जब हरिद्वार के लकसर क्षेत्र में एक मामूली विवाद ने हिंसक रूप ले लिया था। अभियोजन पक्ष के अनुसार, बैलगाड़ी से जा रहे अनिल नामक युवक के साथ आरोपी फि रोज उर्फ फि रोजू का विवाद हुआ जिसके बाद अन्य लड़कों को बुलाकर मारपीट की गई। बीच बचाव और पूछताछ के दौरान आरोपियों ने हमला कर दिया जिसमें मुखय रूप से शमशेर अली और जमशेद अली द्वारा मछली पकड़ने वाले हुक (कांटा) से योगेश के सीने पर जानलेवा वार करने का आरोप था जिससे उसकी मौत हो गई थी। इस मामले में निचली अदालत ने आरोपियों को आईपीसी की धारा 302/149 सहित अन्य धाराओं में दोषी पाते हुए सजा सुनाई थी।

# विशेष गहन पुनरीक्षण 2026 प्रपत्र वितरण कार्य का उच्चाधिकारियों द्वारा किया निरीक्षण

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार संचालित विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर)-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत जनपद नैनीताल में गणना प्रपत्रों के वितरण एवं संग्रहण कार्य की प्रगति का निरीक्षण करने हेतु अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) व उप जिला निर्वाचन अधिकारी, नैनीताल विवेक राय द्वारा गुरुवार को पूर्वाह्न में नारायण नगर, कुसुमखेड़ा, हल्द्वानी क्षेत्र का स्थलीय भ्रमण किया गया।



भ्रमण के दौरान राय ने बूथ स्तरीय अधिकारियों (ब्लह) एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों के साथ क्षेत्र में संचालित गणना प्रपत्र वितरण कार्य का निरीक्षण किया तथा संबंधित मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए जाने की प्रक्रिया का जायजा लिया। उन्होंने गणना प्रपत्रों के समयबद्ध वितरण, मतदाताओं से समुचित समन्वय तथा निर्धारित दिशा-निर्देशों के अनुरूप कार्य संपादन के संबंध में आवश्यक निर्देश भी प्रदान किए। निरीक्षण के दौरान बूथ स्तरीय अधिकारियों के माध्यम से संबंधित मतदाताओं को गणना प्रपत्र उपलब्ध कराए गए तथा मतदाताओं को प्रपत्र भरने एवं निर्धारित समयावधि में उपलब्ध कराने के संबंध में आवश्यक जानकारी भी दी गई।अपर जिलाधिकारी ने निर्वाचन कार्य में संलग्न कार्मिकों को निर्देशित किया कि विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए प्रत्येक पात्र मतदाता तक गणना प्रपत्र की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए तथा प्रगति की नियमित समीक्षा करते हुए कार्य को निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किया जाए। इस मौके पर नायब तहसीलदार भोपाल सिंह मटियाली, मनोज कुमार भट्ट, अभिनव कुमार (सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी), सुपरवाइजर मनोज कपिल तथा कोऑर्डिनेटर राजीव लॉरिंस सहित अन्य निर्वाचन कार्मिक उपस्थित रहे।

# दो लोगों को भारी मात्रा में अवैध शस्त्रों व कारतूस सहित दबोचा

रुद्रपुर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड एसटीएफ की फर्जी लाईसेंसधारकों के खिलाफ लगातार कार्रवाई तेज हो गई है। एसटीएफ ने देर रात्रि रुद्रपुर क्षेत्र से 2 लोगों को भारी मात्रा में अवैध शस्त्रो व कारतूस सहित गिरफ्तार किया है। एसटीएफ ने पिछले दिनों काशीपुर से भी बड़ी मात्रा में फर्जी शस्त्र लाइसेंस पकड़े थे।एसएसपी एसटीएफ की मॉनिटरिंग में एसटीएफ की कई टीमें कार्रवाई को अंजाम दे रही हैं और अब एसटीएफ 3 अभियोग पंजीकृत कराकर संलिप्त 7 अभियुक्तों को अवैध शस्त्र व फर्जी कूटरचित लाइसेंस के साथ जेल भेजा जा चुका है। एसएसपी एसटीएफ के मुताबिक गिरफतार अभियुक्त ने पूछताछ में किए सनसनीखेज खुलासे जल्दी ही साक्ष्य के आधार पर अन्य अवैध शस्त्र धारकों पर कार्रवाई होगी। एसएसपी एसटीएफ अजय सिंह ने बताया कि डीजीपी दीपम सेठ के

### उत्तराखंड एसटीएफ का फर्जी लाईसेंसधारकों पर कड़ा प्रहार



निर्देश पर एसटीएफ राज्य में बाहरी राज्यों से स्थानान्तरित होकर आए शस्त्र लाइसेंसों की वैधता एवं सत्यता की जांच के उपरान्त 4 मई 26 को ऊधमसिंह नगर की काशीपुर कोतवाली में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। उन्होंने बताया कि फरार अभियुक्त सौरभ अग्रवाल व अन्य की तलाश को एसटीएफ की विभिन्न टीमे दबिश दे रही थी। एसटीएफ उत्तराखंड टीम निरीक्षक विकास चौधरी,निरीक्षक अरुण कुमार,निरीक्षक एमपी सिंह,एसआई विपिन चन्द्र जोशी,एसआई केजी मठपाल, हेड कांस्टेबल रविन्द्र सिह बिष्ट,हेड कांस्टेबल महेन्द्र गिरी, हेड कांस्टेबल सुरेन्द्र सावंत,हेड कांस्टेबल संजय कुमार,सोनु पांडे,किशन चन्द्र शर्मा (सर्विलांस) आदि मौजूद रहे।

# सफाई कर्मचारी आयोग की समीक्षा बैठक पर्यावरण मित्र के निधन से शोकसभा में बदली

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

राज्य सफाई कर्मचारी आयोग, उत्तराखंड सरकार के सदस्य नितिन चरन बाल्मीकि की अध्यक्षता में नगर निगम हल्द्वानी कार्यालय में आयोजित होने वाली समीक्षा बैठक शुक्रवार को शोकसभा में बदल गई।

नगर निगम की नियमित पर्यावरण मित्र श्रीमती उषा देवी के आकस्मिक निधन की सूचना मिलने पर आयोग सदस्य ने गहरा शोक व्यक्त किया। बैठक शुरू होने से पूर्व दिवंगत आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। इसके बाद सदस्य नितिन चरन बाल्मीकि ने शोक संवेदना व्यक्त करते हुए बैठक को स्थगित करने की घोषणा कर दी। इस अवसर पर सहायक नगर आयुक्त गजेंद्र पाल सिंह, गणेश भट्ट, स्वास्थ्य अधिकारी चंद्रशेखर टोलिया, वरिष्ठ सफाई निरीक्षक अमूल असवाल, चतर सिंह, कर्मचारी नेता राहत मसीह, राजपाल पवार, कल्लू चरन, विनोद कुमार, अशोक चौधरी, अमित कुमार, सुनील चौधरी, रामू भारती एवं रवि चिंडालिया सहित प्रशासनिक अधिकारी और बड़ी संख्या में सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। सभी उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने दिवंगत पर्यावरण मित्र उषा देवी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की।




# गौड़ा, दिल्ली और बाराबंकी के खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के डीएसए मैदान में 100वीं अखिल भारतीय ट्रेडर्स कप हॉकी प्रतयोगिता के तहत बीरवार को तीन मुकाबले खेले गए।

प्रतियोगिता का पहला मैच मक्षा उस्ताद हॉकी कलब गौडा और चित्रा हॉकी कलब रामपुर के मध्य खेला गया जिसमें एक के मुकाबले पांच गोल से विजय दर्ज की गौडा ने। मध्यांतर तक गौडा तीन एक से आगे थी गौडा की ओर से आठ सोलह और बाईस मिनट मे आकाश ने गोल किये, बतीस मिनट मे अनीस और पेटालिस मिनट मे अनुराग ने गोल किया, रामपुर की तरफ से चौबीसस मिनट मे करण ने एकमात्र गोल किया। ख्दूसरा मैच दिल्ली इलेवन दिल्ली और अल्मोड़ा इलेवन अल्मोड़ा के मध्य खेला गया जिसमें 6-0 से विजय दर्ज की दिल्ली की टीम ने। माध्यन्तर तक दिल्ली पांच शून्य से आगे थी, दिल्ली की ओर से 14वें मिनट में राहुल जबकि 18वें मिनट मे परवीन, बीस और इक्कीस मिनट में विकास तथा उनतीस और अठावन मिनट में चेतन ने गोल किये। तीसरा मैच गाँधी हॉकी कलब बाराबंकी और अइजेनती एजुकेशनल अकादमी रामपुर के मध्य खेला गया जिसमे एक शून्य से बाराबंकी ने जीत दर्ज की। मध्यायन्तर तक दोनों टीमें बगैर स्कोर बराबर थी बाराबंकी की ओर से पैतीस मिनट मे आमिर ने गोल किया।अंपायर रवि जायसवाल, अनुराग, लाल खान, मनीष द्विवेदी और फैजान जबकि तकनिकी समिति मे रोहित साह, राजेश साह, दीपक साह, ललित साह, कैलाश बोरा, संजय गुप्ता तथा राजीव मल्होत्रा थे तथा उद्घोषक मनोज चौहान थे। प्रतियोगिता को कामयाब बनाने में डीएसए के महासचिव मनोज जोशी, उपाध्यक्ष प्रो.देवेंद्र सिंह बिष्ट, हॉकी सचिव चंद्र लाल साह समेत पंकज बर्गली के साथ ही डीएसए के पदाधिकारी व सदस्य प्राथमिकता से जुटे रहे।



## नैनोली गांव की बेटी दीक्षा बनीं सब लेफ्टिनेंट

अल्मोड़ा। जागेश्वर विधानसभा क्षेत्र के नैनोली गांव की बेटी दीक्षा शर्मा ने भारतीय नौसेना में सब लेफ्टिनेंट पद पर चयनित होकर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस उपलब्धि से परिवार के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में खुशी का माहौल है। दीक्षा शर्मा नैनोली ग्राम के तोक बन निवासी मनोरथ शर्मा की पौत्री और दयाकृष्ण शर्मा की पुत्री हैं। उन्होंने चंडीगढ़ में रहकर अपनी शिक्षा पूरी की और 12वीं के बाद से ही सेना में जाने का लक्ष्य निर्धारित कर तैयारी शुरू कर दी।

# तिकोनिया के स्पा सेंटर में कथित सेक्स रैकेट का भंडाफोड़

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

शहर के तिकोनिया क्षेत्र में संचालित एक स्पा सेंटर पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए कथित सेक्स रैकेट का खुलासा किया है।

एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू) और स्थानीय पुलिस की संयुक्त टीम ने छापेमारी कर स्पा सेंटर की मैनेजर समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है, जबकि मुख्य संचालक मौके से फरार हो गया। पुलिस उसकी तलाश में लगातार दबिश दे रही है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार स्पा सेंटर में लंबे समय से अनैतिक गतिविधियों के संचालन की शिकायतें प्राप्त हो रही थीं। शिकायतों के सत्यापन के बाद पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से छापेमारी की। कार्रवाई के दौरान स्पा सेंटर के अलग-अलग कमरों में युवक और युवतियां संदिग्ध परिस्थितियों में पाए गए। पूछताछ के दौरान कुछ महिलाओं ने आरोप लगाया कि उन्हें रोजगार और अधिक आय का लालच देकर इस धंधे में शामिल किया गया। महिलाओं ने स्पा संचालक, मैनेजर और अन्य कर्मचारियों पर दबाव बनाकर देह व्यापार कराने के गंभीर आरोप लगाए हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने मौके से आपत्तिजनक सामग्री, नकदी तथा ग्राहकों के रिकॉर्ड से संबंधित रजिस्टर बरामद किए हैं। बरामद सामग्री को साक्ष्य के रूप में कब्जे में लेकर जांच के लिए सुरक्षित रखा गया है। पुलिस ने स्पा सेंटर से छह महिलाओं को रेस्क्यू किया है। इनमें दिल्ली, उत्तर प्रदेश, नेपाल और अन्य क्षेत्रों की महिलाएं शामिल बताई जा रही हैं।

# गर्मी में बच्चों पर बढ़ा डिहाइड्रेशन का खतरा, बढ़ रही मरीजों की संख्या: डॉ ऋतु

हल्द्वानी

सलीम खान

भीषण गर्मी और तेज धूप का असर अब बच्चों की सेहत पर भी साफ दिखाई देने लगा है। बढ़ते तापमान के बीच बच्चों में डिहाइड्रेशन (शरीर में पानी की कमी) के मामलों में लगातार इजाफा हो रहा है। चिकित्सकों के अनुसार पर्याप्त मात्रा में पानी न पीने, अधिक पसीना निकलने और लंबे समय तक धूप में रहने के कारण बच्चों में स्वास्थ्य संबंधी समस्याएं तेजी से बढ़ रही हैं।

शहर के सुशीला तिवारी अस्पताल में प्रतिदिन 10 से 15 बच्चे डिहाइड्रेशन की शिकायत लेकर उपचार के लिए पहुंच रहे हैं। डॉक्टरों का कहना है कि गर्मी के इस मौसम में बच्चों की विशेष देखभाल आवश्यक है, क्योंकि वे खेलकूद और बाहरी गतिविधियों के दौरान शरीर से निकलने वाले पानी की भरपाई समय पर नहीं कर पाते।



विशेषज्ञों के अनुसार शरीर में पानी की कमी होने पर बच्चों में अत्यधिक प्यास लगना, मुंह सूखना, चिड़चिड़ापन, कमजोरी, थकान और सामान्य गतिविधियों में कठिनाई जैसे लक्षण दिखाई देने लगते हैं। यदि समय रहते उपचार न किया जाए तो स्थिति गंभीर रूप भी ले सकती है।

बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. ऋतु रखौलिया ने अभिभावकों से बच्चों के खानपान और पानी पीने की आदतों पर विशेष ध्यान देने की अपील की है। उन्होंने कहा कि बच्चों को नियमित अंतराल पर पानी पिलाना, नारियल पानी, नींबू पानी और मौसमी फलों का सेवन कराना तथा संतुलित आहार देना डिहाइड्रेशन से बचाव के प्रभावी उपाय हैं।

चिकित्सकों ने सलाह दी है कि यदि बच्चे में पानी की कमी के लक्षण दिखाई दें तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें और किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरतें। उनका कहना है कि गर्मी के मौसम में सतर्कता और उचित देखभाल ही बच्चों को स्वस्थ और सुरक्षित रखने का सबसे बेहतर तरीका है।